**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 03 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित हरियाणा में आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार की ओर से तय प्राथमिकताओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो इसके लिए सकारात्मक सुझावों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे।मुख्यमंत्री गुरुग्राम में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया से सम्बंधित विभिन्न जिला शाखाओं के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें। इस बैठक में सोहना से विधायक तेजपाल तंवर व गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।श्री नायब सिंह ने कहा कि बजट से पहले हर साल होने वाली इन बैठकों के जरिये विभिन्न क्षेत्रों से मशविरा लिया जाता है और बजट में उसका समावेश किया जाता है। मिलने वाली सलाह से सरकार को नीतियां बनाने और संशोधन या सुधार करने में काफी मदद मिलती है। मुख्यमंत्री ने बैठक में मौजूदा कर सेवाओं में आवश्यक सुधार व राजस्व बढ़ाने करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए।

*****************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत जिले के इसराना विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर लगने वाले लोहे के बेंच, हैंडपंप और वाटर कूलर में किए गए घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर इसराना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित लेखाकार, सहायक और दो कनिष्ठ अभियंता को कल तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। पंचायत विभाग के निदेशक ने मंत्री के निर्देश का पालन करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है।श्री कृष्ण लाल

पंवार ने बताया कि खंड समिति इसराना के अध्यक्ष हरपाल मलिक की शिकायत मिलने पर जांच करवाई गई और जांच में अनियमितता पाई गई । उन्होंने बताया कि यह संभवतः तीन से चार करोड रुपए का घोटाला हो सकता है जिसकी जांच की जा रही है ।उन्होंने बताया कि स्वयं इन आरोपियों ने करीब 23 लाख 85 हजार के गबन को स्वीकार भी किया है।

************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल गुरुग्राम में क्रीड़ा भारती की हरियाणा इकाई द्वारा आयोजित वीर माता जीजा बाई प्रांत स्तरीय सम्मान समारोह में वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की माताओं को सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा देश-दुनिया में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह समारोह न केवल हमारे खिलाड़ियों के प्रति बल्कि उनकी माताओं के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अवसर है। मुख्यमंत्री ने क्रीड़ा भारती की हरियाणा इकाई को भी इस अनूठी पहल के लिए बधाई दी। साथ ही संस्था को 21 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की।

************************************************************

देश के उत्तरी क्षेत्र में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से कई विमानों और रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई है। हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में भी शीत लहर और कोहरे ने ज़नजीवन को प्रभावित किया है।भारतीय रेलवे के अनुसार, कई रेलगाड़ियां पांच घंटे तक की देरी से चल रही हैं। अंबाला से गुजरने वाली कई रेलगाड़ियां निर्धारित समय से देरी से चलने के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हो रही है।यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि चलने से पहले गाड़ी के पहुंचने के समय की जानकारी ले लें, ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े।अच्छी खबर यह है कि कृषि वैज्ञानिक इस धुंध और ठंड को फसलों के लिए अच्छा बता रहे हैं।

************************************************************

कुरुक्षेत्र के नशा विरोधी प्रकोष्ठ ने गुरजिन्द्र सिंह व हरेन्द्र सिंह नाम के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनसे 200 किलो 140 ग्राम डोडापोस्त व 1 किलो 720 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपियों को राष्ट्रीय राजमार्ग -44 पर होटल अमन के पास से ट्रक सहित काबू किया। दोनों आरोपी पंजाब के जिला रूपनगर से हैं। गुरजिन्द्र सिंह भगवंतपुर और हरेन्द्र सिंह मुगल माजरी का निवासी है।